प्रकाशनार्थ

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में आगरा जोन में आनन्द इंजीनियरिंग कालेज को सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक मिले

आगरा। डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन 18 नवम्वर 2018 से 20 नवम्वर 2018 तक लखनऊ स्थित बी.बी. डी.एन.आई.टी. के खेल मैदान में किया गया। इस तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न 8 जोनों की विजेता टीमों ने भाग लिया। इन कालेजों से प्रतिभाग करने आये छात्रों ने अपने खेल का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

इस प्रतियोगिता में बास्केटबाल, वॉलीबाल, फुटबाल, खो–खो, चैस, बैडमिंटन, टेबल–टेनिस, एवं ऐथलेटिकस् आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें आगरा जोन के आनन्द इंजीनियरिंग कॉलेज, एच.सी.एस.टी., आर.बी.एस. इंजीनियरिंग कालेज, ईशान कालेज, बी.एस.ए. कालेज एवं जी.एल. बजाज कालेजों के जोन विजेता छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें आगरा जोन को उपविजेता बनाने में आनन्द इंजीनियरिंग कालेज के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा पदक जीतकर आगरा क्षेत्र का मान बढ़ाया।

आनन्द कालेज के छात्रों ने डा0 रामपाल सिंह के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में भाग लिया, और अपने प्रदर्शन से इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आनन्द इंजीनियरिंग कालेज व आगरा जोन का परचम लहराया। आनन्द कालेज के शारीरिक शिक्षा निदेशक डा0 रामपाल सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आगरा जोन से केवल आनन्द इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों ने ही स्वर्ण पदक जीता। आगरा जोन को दो स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक, 7 कांस्य पदक, मिले जिसमें से आनन्द कालेज के सुदीप प्रधान को ऊँची कूद व रूखसाना बेगम ने 100 मीटर रेस में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कालेज की महिला वॉलीबाल टीम की ओर से रजत पदक जैव प्रौधोगिकी विभाग की छात्रा प्रियंका पटेल ने प्राप्त किया। कम्प्यूटर साइंस की छात्रा रचना यादव ने 800मीटर रेस व इलेक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रोनिक्स की छात्रा आयुषी बंसल ने चैस में कांस्य पदक प्राप्त किया।

कालेज के निदेशक डॉ0 शैलेन्द्र सिंह व डीन फैकल्टी डा0 जे0एस0 यादव ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुये उन्हें बधाई दी एवं कहा कि खेल–कूद हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता और दैनिक जीवन के क्रिया कलापों को सुचारू पूर्वक करने में मदद करता है। पढ़ाई के साथ–साथ खेल–कूद छात्रों के सर्वागींण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इससे छात्र–छात्राओं के नेतृत्व विकास, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास के साथ–साथ सामाजिक व सांस्कृतिक विकास भी होता है।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता जी एवं मुख्य अधिशासी उपाध्यक्ष प्रो0 वी. के. शर्मा ने प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को बधाई दी।